**विधान परिषद के द्वितीय सत्र–2023 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–7 का उत्तरः–**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 7 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर निगम कानपुर में पदोन्नति श्रेणी के अधिकारियों व कर्मचारियों के कुल कितने पद दिनांक 31 मार्च 2023 तक रिक्त हुए हैं? | नगर निगम, कानपुर में पदोन्नति श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों (अकेन्द्रीयित सेवा) के दिनांक 31 मार्च, 2023 तक कुल 364 पद रिक्त हुए हैं। |
| (ख) उक्त का विवरण क्या है तथा पात्र अधिकारियों व कर्मचारियों की पदोन्नति कब तक करा दी जायेगी? | नगर निगम, कानपुर में (अकेन्द्रीयित सेवा) के समूह 'ग' के पदोन्नति श्रेणी के रिक्त 80 पदों का विवरण निम्नवत है:– |

| क्र.सं | पदनाम | पदोन्नति हेतु रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | वरिष्ठ लिपिक | 26 |
| 2 | कनिष्ठ लिपिक | 11 |
| 3 | प्रवक्ता (माध्यमिक विद्यालय) | 43 |

नगर निगम, कानपुर में (अकेन्द्रीयित सेवा) के समूह 'घ' के पदोन्नति श्रेणी के रिक्त 284 पदों का विवरण निम्नवत है:–

| क्र.सं. | पदनाम | पदोन्नति हेतु रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | कर समाहर्ता | 87 |
| 2 | फिटर | 54 |
| 3 | सफाई नायक | 61 |
| 4 | प्रधान माली | 41 |
| 5 | दफ्तरी/जमादार | 41 |

वर्ष–2022 में कनिष्ठ लिपिक से वरिष्ठ लिपिक पद पर 82 व चतुर्थ श्रेणी से कनिष्ठ लिपिक पद पर 17 कार्मिकों की पदोन्नति की जा चुकी है।

उपरोक्त वर्णित समूह 'ग' के पदोन्नति हेतु रिक्त 80 पदों पर एवं समूह 'घ' के पदोन्नति हेतु रिक्त 284 पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही नियमानुसार प्रचलित है।

**ए. के. शर्मा**
**मंत्री,**
**नगर विकास विभाग**